.पूर्वोत्तर रेलवे .

*श्री अमिताभ ओझा ,* वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री रवि मिश्रा** , कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

# ''गोरखपुर मुख्यालय के लेखा विभाग के अन्तर्गत प्रधान वित्त सलाहकार के अधीन सांख्यिकीय विभाग के कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।

द्वारा

शेखर कुमार
मुख्य योजना निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0 / 13 / 2020–21

मिसिल संख्या – प्र / 560 / 1 / 2020–21 / 13

*******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 13 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 13 / 2020–21 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2020–21 / 13 |
| 4. | विषय | – | ''गोरखपुर मुख्यालय के लेखा विभाग के अन्तर्गत सांख्यिकीय विभाग के कर्मचारी संख्या समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | लेखा |
| 6. | प्राधिकार | – | वर्ष 2020–21 की कार्याध्ययन सूची के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | सांख्यिकीय विभाग के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना। |
| | | (2) | कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना । |
| | | (3) | आवश्यकता से अधिक पाए गए पदो के अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना। |
| 8. | कर्मचारी की स्वीकृत संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 109 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या– II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 24 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | रू0 2.37 **करोड़** |
| 12. | वितरण तिथि | – | अगस्त / 2020 |

*******

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्र0 सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 01 |
| | प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | 02 |
| | कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | 03–06 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ | |


*******

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री अशोक कुमार तिवारी यातायात लागत अधिकारी लेखा कार्यालय ,पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर , के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया एवं कार्याध्ययन से संबंधित वांछित सूचनायें एवं आंकड़े समयानुसार उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुतियाँ

| क्रमांक | संस्तुतियॉ | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | कार्याध्ययन दल द्वारा संस्तुति की जाती है कि सांख्यिकीय कार्यालय के 24 पद ,जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक पाये गये हैं, उन्हें शीघ्र अभ्यर्पित किया जाये। | 3.6 |

********

## (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आंकलन निम्नवत् हैः–

| क्र. स. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड पे | पदों की सं0 | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह (रू0 में) | बार्षिक आवर्ती बचत(रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वरि.लिपिक | 5200–20200 | 2800 | 05 | 106723 | 533615 | 6403380 |
| 02 | अवर लिपिक | 5200–20200 | 1900 | 09 | 73079 | 657711 | 7892532 |
| 03 | गो0सहा0/ टी.सी.ओ | 9300–34800 | 4200 | 01 | 129044 | 129044 | 1548528 |
| 04 | मु0 टंकक | 9300–34800 | 4200 | 01 | 129044 | 129044 | 1548528 |
| 05 | कार्यालय सहा | 5200–20200 | 1800 | 08 | 66119 | 528952 | 6347424 |
| 06 | योग | | | 24 | | | 2,37,40,392 |

अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत रू0 दो करोड ,सैंतीस लाख ,चालिस हजार , तीन सौ बानवे मात्र।

******

## अध्याय– प्रथम

### 1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

1.1 रेलवे के लेखा विभाग में आय एवं व्यय का लेखा जोखा रखा जाता है। रेल के विभिन्न श्रोत जैसे कोचिंग , गुडस एवं अन्य श्रोतों से प्रतिदिन कितनी आय हुयी एवं ंकिस मद में कितना खर्च किया जाना हैं इसका लेखांकन लेखा विभाग द्वारा किया जाता है। अपने इस कार्य को सुचारु रुप से निस्पादन के लिये विभाग अपने विभाग को विभन्न अनुभागों में विभाजित किया है। जिसमें एक अनुभाग सांख्यिकीय अनुभाग है। सांख्यिकीय अनुभाग में विभन्न प्रकार के राजस्व से सम्बंधित आंकडे जैसे यात्री राजस्व आंकडे, माल राजस्व, पार्सल राजस्व आकडें एवं आंकडें एवं एकत्र करने एवं उसकी रिपोर्ट तैयार करने जैसे कार्य किये जातें है। चुकि वर्तमान में बहुत से कार्य कम्प्यूटर एवं इन्टरनेट के माध्यम हो रहें है इसलिये कार्य कम समय में ,कम कर्मचारियों के माध्यम से अधिक कार्य हो रहा हैं। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों के कार्यभार का विश्लेषण कर आवश्यक कर्मचारी का आंकलन करना आवश्यक है।

1.2 उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देशन में कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''सांख्यिकीय विभाग के कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्यय प्रारम्भ किया गया तथा कार्याध्ययन सम्पन्न करके अन्तिम स्वरूप प्रदान किया गया है।

1.3 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है :–

(1) सांख्यिकीय विभाग के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना।

(2) कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना ।

(3) आवश्यकता से अधिक पाए गए पदो ंके  अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना।

******

# अध्याय– द्वितीय

## 2.0 कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या :–

पूर्वोत्तर रेलवे के वित्त विभाग के अर्न्तगत ''सांख्यिकीय अनुभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में दिनांक 01.04.2019 को स्वीकृत पदों की संख्या का विवरण निम्नवत है :–

## 2.1 सांख्यिकीय अनुभाग के स्वीकृत पदों का विवरण :–

| क्र.सं. | पद नाम | स्वीकृत सं0 | वास्तविक सं0 | रिक्त पदों की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य कार्याधि | 13 | 11 | – 02 |
| 2 | कार्याधि | 38 | 24 | –14 |
| 3 | प्रवर लिपिक | 12 | 16 | +04 |
| 4 | अवर लिपिक | 09 | 05 | –04 |
| 5 | सां0निरीक्षक I | 10 | 04 | –06 |
| 6 | सां0निरीक्षक II | 03 | – | –03 |
| 7 | गो0 सहा0(सांख्य) | 01 | 01 | – |
| 08 | गो0सहा0(टी.सी.ओं) | 01 | – | –01 |
| 09 | कार्या0 टंकक | 01 | – | – 01 |
| 10 | मुख्य टंकक | 01 | – | – 01 |
| 11 | वरि0 रिकार्ड शार्टर | 02 | – | – 02 |
| 12 | रिकार्ड शार्टर | 01 | – | – 01 |
| 13 | कोरियर | 02 | – | – 02 |
| 14 | कार्यालय सहा0 | 09 | 10 | +01 |
| 15 | चौकीदार | 03 | – | – 03 |
| 15 | खलासी | 01 | – | – 01 |
| 16 | सफाई वाला | 02 | – | – 02 |
| योग | | 109 | 71 | (–) 38 |

## अध्याय – तृतीय

3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 यह कार्याध्ययन दिनांक 01.04.2019 के बी.ओ.एस के आधार पर किया गया हैं।

3.2 दिनांक 01.04.2019 के बी.ओ.एस के आधार पर सांख्यिकीय कार्यालय गोरखपुर में ग्रुप सी एवं ग्रुप डी श्रेणी के कुल 109 पद स्वीकृत हैं। जिनके विरुद्ध वर्तमान में कुल 71 कर्मचारी कार्यरत हैं। 38 पद रिक्त पाये गये हैं। जिसका विस्तृत विवरण आध्याय द्वितीय के पैरा 2.1 में दर्शाया गया हैं।

सांख्यिकीय कार्यालय गोरखपुर को कुल 13 अनुभागों में बांटा गया है जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है :–

01 सामान्य अनुभाग

02 निरीक्षण अनुभाग

03 स्थापना अनुभाग

04 प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग

05 परिचालन बी.जी एवं एम.जी अनुभाग

06 वार्षिक रिपोर्ट सामान्य अनुभाग

07 आंतरिक आंकडा

08 वाणिज्य अनुभाग

08.1 यात्री राजस्व आंकडा(6ए )

08.2 माल राजसव आंकडा (7 सी)

08.3 स्टेशन कोड लिस्ट

08.4 कोडिंग अनुभाग

09 वैगन लदान अनुभाग

10 मास्टर कार्ड अनुभाग

11 पत्र विवरण अनुभाग

12 एस.टी.टी.एम/ जी.टी.के.एम अनुभाग

13 अनुमानित आंकडा अनुभाग

3.3 कार्याध्ययन दल ने उपरोक्त सभी अनुभागों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया एवं सम्बंधित अधिकारी तथा पर्यवेक्षकों से विचार विमर्श किया गया जिसमें निम्न तथ्य प्रकाश में आये :–

3.3.1 सांख्यिकीय अनुभाग का कार्याध्ययन काफी समय से नहीं किया गया था और स्वीकृत पद मैनुअली कार्य प्रणाली के आधार पर पाया गया।

3.3.2 कार्याध्ययन दल पे पाया कि वर्तमान में सांख्यिकीय अनुभाग का आधिकांश कार्य कम्प्यूटर द्वारा सम्पादित किया जाता हैं।

3.3.3 वर्तमान में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार कार्यालय के समस्त फाइलों संचलन E Office के माध्यम से किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है।

3.3.4 कार्याध्ययन दल ने पाया कि वर्तमान में बहुत से कार्य समाप्त हो गये है और कम्प्यूटर के इस युग में E Office के माध्यम से कार्यों का सरलीकरण कर दिया गया हैं। जैसे कि पत्रों को फाइल के माध्यम से पुटअप करना एवं आदेशों का अनुपालन पत्राचार के माध्यम से डाक वितरण एवं प्राप्ति के द्वारा किया जाता था इसे अब सीधे E Office के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरुप टाइपिंग , प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

3.3.5 कार्याध्ययन दल ने पाया कि वर्तमान में अधिकारियों द्वारा स्टैनों कैटेगरी में कार्यरत कर्मचारियों को डिक्टेशन देने का कार्य लगभग पूर्णतया समाप्त है। अतः इस कैटेगरी में कार्यरत कर्मचारियों की आवश्यकता बहुत कम हो गयी है।

3.3.6 कार्यालय में बहुत से कार्य पहले की तुलना में समाप्त हो गये या कम हो गये हैं तथा E Office के माध्यम से इनका सरलीकरण कर दिया गया हैं।

कार्याध्ययन दल सांख्यिकीय अनुभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित संख्या में कर्मारियों को कार्य भार के अनुसार प्रस्तावित करता हैं।

3.4 कार्यभार की समीक्षा के उपरान्त आवश्यक एवं सरप्लस पाये गये पदों का विवरण :—

| क्र. सं. | पद नाम | स्वी0 सं0 | वास्त0सं0 | कार्यभार के आधार पर प्रस्तावित सं0 | सरप्लस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य कार्याधी | 13 | 11 | 13 | — |
| 2 | कार्याधी | 38 | 24 | 38 | — |
| 3 | प्रवर लिपिक | 12 | 16 | 07 | 05 |
| 4 | अवर लिपिक | 09 | 05 | 00 | 09 |
| 5 | सां0निरीक्षक I | 10 | 04 | 10 | — |
| 6 | सां0निरीक्षक II | 03 | — | 03 | — |
| 7 | गो0सहा0(सांख्य) | 02 | 01 | 01 | 01 |
| 8 | कार्याधी टंकक | 01 | — | 01 | — |
| 9 | मुख्य टंकक | 01 | — | 00 | 01 |
| 10 | वरि0 रिकार्ड शार्टर | 02 | — | 02 | — |
| 11 | रिकार्ड शार्टर | 01 | — | 01 | — |
| 12 | कोरियर | 02 | — | 02 | — |
| 13 | कार्यालय सहा0 | 09 | 10 | 01 | 08 |
| 14 | चौकीदार | 03 | — | 03 | — |
| 15 | खलासी | 01 | — | 01 | — |
| 16 | सफाई वाला | 02 | — | 02 | — |
| योग | | **109** | **71** | **85** | **24** |

3.5 <u>अभ्यपर्ण हेतु प्रस्तावित पदों का विवरण</u> :—

| क्र. स. | पदनाम | वे0मान | ग्रेड पे | पदों की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वरि.लिपिक | 5200—20200 | 2800 | 05 |
| 02 | अवर लिपिक | 5200—20200 | 1900 | 09 |
| 03 | गो0सहा0 / टी.सी.ओ | 9300—34800 | 4200 | 01 |
| 04 | मु0 टंकक | 9300—34800 | 4200 | 01 |
| 05 | कार्यालय सहा | 5200—20200 | 1800 | 08 |
| 06 | **योग** | | | 24 |

3.6 <u>संस्तुतियां</u> :—

कार्याध्ययन दल द्वारा संस्तुति की जाती है कि सांख्यिकीय कार्यालय के 24 पद ,जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक पाये गये हैं, उन्हें शीघ्र अभ्यर्पित किया जाये।

*****